# यूपी ने निर्यात में बनाया रिकॉर्ड, अनाज, फलों व सब्जियों की बढ़ी मांग

अजय त्रिवेदी

लखनऊ। निर्यात के मामले में लगातार रिकार्ड बना रहे उत्तर प्रदेश ने सब्जियों और फलों के मामले में भी बड़ी छलांग लगायी है। पारंपरिक रुप से उत्तर प्रदेश से निर्यात होने वाली वस्तुओं के इतर खाद्य उत्पादों की भी मांग दुनिया भर में तेजी से बढ़ी है। निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो के आंकड़ों के मुताबिक बीते सात सालों में प्रदेश से शहद, सब्जी, फल व फलों के उत्पाद, अनाज व मसालों के निर्यात में खासी तेजी आयी है। हालांकि इसके साथ ही इलेक्ट्रिकल व इलेक्ट्रानिक उत्पादों के निर्यात में भी बीते सात-आठ सालों में उल्लेखनीय बढ़त दर्ज की गयी है। प्रदेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि योगी सरकार की निर्यात नीतियों का बड़ा असर दिख रहा है और कंदमूल से लेकर मशीनरी तक में प्रदेश का सिक्का निर्यात में जम गया है। उन्होंने बताया कि योगी राज में उत्तर प्रदेश से 12 गुना तक निर्यात बढ़ा है। इनमें भी खाने पीने की चीजों के निर्यात में बड़ी उछाल आई है। उत्तर प्रदेश के खाद्य तेल और खाने वाले खनिज की मांग भी दुनिया भर में बढ़ी है। चीनी, टेक्सटाइल, इलेक्ट्रिकल मशीनरी जैसे सेक्टरों में पिछले 8 साल में चौंकाने वाली तेजी दर्ज हुयी है। आंकड़ों के मुताबिक जहां वर्ष 2014-15 में सब्जियों और कंदमूल का निर्यात 35 करोड़ था वहीं अब निर्यात बढ़कर हुआ 434 करोड़ रुपये हो गया है।